खनन निदेशक लेघा को इंडियंस ऑनेस्ट इंडिपेंडेंस सम्मान

स्टोन क्रशर एसोसिएशन ने जताई खुशी

सितारगंज/रुद्रपुर। उत्तराखंड के खनन निदेशक राजपाल लेघा को खनन क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए इंडियंस ऑनेस्ट इंडिपेंडेंस ऑनर से सम्मानित किए जाने पर कुमाऊं स्टोन क्रशर एसोसिएशन और सितारगंज स्टोन क्रशर एसोसिएशन ने खुशी जताई है। एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य की खनन व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार लाने में राजपाल लेघा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके नेतृत्व में ई-गवर्नेंस और डिजिटलीकरण को बढ़ावा मिला है, जिससे खनन कार्यों में पारदर्शिता आई और राजस्व में भी वृद्धि हुई है। सदस्यों ने बताया कि अवैध खनन पर नियंत्रण, प्रक्रियाओं में सुधार और आधुनिक तकनीक के उपयोग से खनन व्यवस्था मजबूत हुई है। पिछले डेढ़ साल में खनन से राज्य सरकार का राजस्व लगभग चार गुना बढ़कर 300 करोड़ से बढ़कर करीब 1200 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। एसोसिएशन ने कहा कि स्टोन क्रशिंग उद्योग राज्य का बड़ा उद्योग है, जिससे हजारों करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने के साथ ही दो से तीन लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिल रहा है। इस अवसर पर एलएससी इन्फ्राटेक लिमिटेड, विन्ध्यवासिनी स्टोन क्रशर, पाल स्टोन इंडस्ट्रीज, सुभाष स्टोन क्रशर, जगदम्बा स्टोन क्रशर, विनोद स्टोन क्रशर, सागर स्टोन क्रशर, हिमालय स्टोन इंडस्ट्रीज, हल्द्वानी स्टोन कंपनी, श्री बालाजी स्टोन कंपनी, उत्तराखंड स्टोन कंपनी, जयश्री राम स्टोन क्रशर, महालक्ष्मी स्टोन कंपनी, शुभम स्टोन कंपनी, कामाख्या स्टोन कंपनी, सितारगंज स्टोन कंपनी, राधे सोल्यूशन, बरेली स्टोन कंपनी, मार्डन ग्रिट्स इंडस्ट्रीज, भगवती स्टोन इंडस्ट्रीज और देवभूमि स्टोन इंडस्ट्रीज सहित अन्य क्रशर संचालकों ने खुशी व्यक्त की।